-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर क्राइम थाना बांदा टीम द्वारा टेलीग्राम लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले पीड़ित के खाते में 01 लाख 23 हजार 06 सौ पच्चीस रुपये कराये गये वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम थाना बांदा टीम टेलीग्राम लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले पीड़ित के खाते में 01 लाख 23 हजार 06 सौ पच्चीस रुपये वापस कराये गये। आवेदक मो0 सुऐब पुत्र मो0 साहीद द्वारा आनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा @Angelia12574 व @Bharat_68 के नाम से टेलीग्राम लिंक भेज कर टास्क कम्पलीट करने पर पैसे मिलने का लालच देकर धोखे से आवेदक के साथ वित्तीय धोखाधड़ी कर ली गयी है। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा द्वारा कुशलता एवं सक्रीयता से कार्य करते हुए आवेदक मो0 सुऐब पुत्र मो0 साहीद के खाते में 1,23,625/- रुपये वापस कराये गये। पैसा वापस मिलने पर आवेदक द्वारा प्रभारी निरीक्षक श्री ओमप्रकाश यादव व साइबर क्राइम पुलिस थाना की सम्पूर्ण टीम को धन्यवाद दिया गया।

पीड़ित-

1. मो0 सुऐब पुत्र मो0 साहीद निवासी मर्दननाका थाना कोतवाली नगर जनपद बाँदा।

साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री ओमप्रकाश यादव
2. महिला आरक्षी ज्योति उपाध्याय
3. आरक्षी अंकित सिंह